सिद्धि विनायक मेट्रो स्टेशन का काम पूरा

मुंबई, कुलाबा- बांद्रा -सिप्ज इस तीसरे संपूर्ण मेट्रो मार्ग के बीच पैकेज 4 के अंतर्गत सिद्धि विनायक मेट्रो स्टेशन का काम पूर्ण होने की जानकारी एमएमआरसीएल ने फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर दी है। कोलाबा-बांद्रा -सिप्ज इस तीसरी भूमिगत मेट्रो मार्ग की लंबाई 33 किमी. है और दोनों तरफ खुदाई का काम 94 प्रतिशत पूरा हो गया है। एमएमआरसीएल ने स्पष्ट किया है कि इस संपूर्ण मार्ग पर 7 चरण में काम शुरू है। जिसमें पैकेज 4 के अंतर्गत सिद्धि विनायक, दादर और शीतलादेवी मेट्रो स्टेशन का समावेश है। इस क्षेत्र में काम करना बहुत चुनौतीपूर्ण है। सिद्धि विनायक मेट्रो स्टेशन बनने से पहली बार सिद्धि विनायक मंदिर क्षेत्र में मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी। सिद्धी विनायक मेट्रो स्टेशन का काम अत्यंत तेज गति से हो रहा है।